भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2790 का उत्तर

सिलम्बु सुपरफास्ट एक्सप्रेस की दैनिक सेवा

2790. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रेलगाड़ी संख्या 20681/20682, सिलम्बु सुपरफास्ट एक्सप्रेस को दैनिक सेवा में परिवर्तित करने की मांग करने वाले मेरे अभ्यावेदनों 24/141/जीओआई/टीएन/001220250571 की जांच की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त अभ्यावेदनों पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या मंत्रालय ने रेलगाड़ी को दैनिक सेवा में परिवर्तित करने के लिए यात्रियों की मांग और परिचालनिक व्यवहार्यता का आकलन किया है; और

(घ) यदि हां, तो गाड़ी संख्या 20681/20682 को दैनिक सेवा बनाने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) सप्ताह में तीन दिन चलने वाली गाड़ी सं. 20681/20682 तांबरम - शेंगोट्टै सिलम्बू एक्सप्रेस के फेरों की संख्या में वृद्धि से संबंधित मुद्दे की जांच कर ली गई है।

वर्तमान में, ताम्बरम - शेंगोट्टै खंड निम्नलिखित 4 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	12661/12662 चेन्नै एग्मोर- शेंगोट्टै एक्सप्रेस (दैनिक)

2	16101/16102 ताम्बरम - कोल्लम एक्सप्रेस (दैनिक)
3	20681/20682 ताम्बरम - शेंगोट्टै सिलम्बू एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन बार)
4	20683/20684 ताम्बरम - शेंगोट्टै एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन बार)

इनमें 12661/12662 चेन्नई एगमोर - शेंगोट्टै एक्सप्रेस और 16101/16102 तांबरम - कोल्लम एक्सप्रेस की दैनिक सेवाएं भी शामिल हैं, जो इस खंड के यात्रियों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं।

इसके अलावा, तांबरम की ओर से, 20681 तांबरम - शेंगोट्टै सिलम्बू एक्सप्रेस (बरास्ते विल्लुपुरम - वृद्धचालम - तिरुच्चिराप्पल्ली -कारैक्कुडि) और 20683 तांबरम - शेंगोट्टै एक्सप्रेस (बरास्ते विल्लुपुरम - मयिलाडुतुरै - तिरुवारूर - कारैक्कुडि) मिलकर सप्ताह में 6 दिन आद्योपांत आधार पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

इसी प्रकार, वापसी की दिशा में अर्थात शेंगोट्टै की ओर से, 20682 शेंगोट्टै - तांबरम सिलम्बू एक्सप्रेस (बरास्ते कारैक्कुडि - तिरुच्चिराप्पल्ली - वृद्धचालम - विल्लुपुरम) और 20684 शेंगोट्टै - तांबरम एक्सप्रेस (बरास्ते कारैक्कुडि - तिरुवारूर - मयिलाडुतुरै - विल्लुपुरम) मिलकर सप्ताह में 6 आद्योपांत आधार पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जैसा कि नीचे दिया गया है:

गाड़ी संख्या और नाम	ताम्बरम से निम्नानुसार दिवसों पर परिचालन
20681 ताम्बरम - शेंगोट्टै एक्सप्रेस	बुधवार, शुक्रवार और शनिवार
20683 ताम्बरम - शेंगोट्टै एक्सप्रेस	मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार

गाड़ी संख्या और नाम	शेंगोट्टै से निम्नानुसार दिवसों पर परिचालन
20682 शेंगोट्टै -ताम्बरम एक्सप्रेस	बृहस्पतिवार, शनिवार और रविवार
20684 शेंगोट्टै -ताम्बरम एक्सप्रेस	सोमवार, बुधवार और शुक्रवार

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं के फेरों में वृद्धि जो कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है यह निम्नलिखित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- उस खंड की क्षमता

- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना उपलब्धता**
- **रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता**
- **उस खंड का अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता**

******